e. The members who cast their vote through remote e-voting may also attend the AGM but shall not be allowed to cast their vote at AGM.
f. The facility of voting through poll shall be available at the AGM to those members who have not casted their vote through remote e-voting.
g. Members may go through the e-voting instructions provided in the AGM Notice or visit https://evoting.nsdl.com and in case of any queries, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for members and e-voting User Manual for members available at the download section of https://evoting.nsdl.com

**For JITF Infralogistics Limited**
**Sd/-**
**Alok Kumar**
**Company Secretary**
**ACS-19819**

**Place: New Delhi**
**Date:03.09.2025**

## Aadhar Housing Finance Ltd.

Aadhar Housing Finance Ltd

**Corporate Office:** Unit No. 802, Natraj Rustomjee, Western Express Highway and M.V. Road, Andheri (East), Mumbai – 400069
**Dhamtari Branch :** 2nd Floor, State Highway, Gunderdehi Road, Opposite Rest House, District Dhamtari 493773 (Chhattisgarh)
**Raipur - Sundar Nagar Branch :** 1A & 1B, 2nd Floor, Shyam Plaza, Pandari, Raipur - 492004 (Chhattisgarh)
**Mahasamund Branch :** 2nd Floor, Besides Bank of Maharashtra, Raipur Road, District Mahasumund 493445 (Chhattisgarh)

### DEMAND NOTICE

**UNDER SECTION 13(2) OF THE SECURITISATION AND RECONSTRUCTION OF FINANCIAL ASSETS AND ENFORCEMENT OF SECURITY INTEREST ACT, 2002 READ WITH RULE 3 (1) OF THE SECURITY INTEREST (ENFORCEMENT) RULES, 2002.**

The undersigned is the Authorised Officer of **Aadhar Housing Finance Ltd.(AHFL)** under Securitisation And Reconstruction Of Financial Assets And Enforcement of Security Interest Act, 2002 (the said Act). In exercise of powers conferred under Section 13(12) of the said Act read with Rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002, the Authorised Officer has issued Demand Notices under section 13(2) of the said Act, calling upon the following Borrower(s) (the "said Borrower(s)"), to repay the amounts mentioned in the respective Demand Notice(s) issued to them that are also given below. In connection with above, Notice is hereby given, once again, to the said Borrower(s)to pay to AHFL, within **60 days** from the publication of this Notice, the amounts indicated herein below, together with further interest as detailed in the said Demand Notice(s), from the date(s) mentioned below till the date of payment and/or realization, payable under the loan agreement read with other documents/writings, if any, executed by the said Borrower(s). As security for due repayment of the loan, the following assets have been mortgaged to AHFL by the said Borrower(s) respectively.

| S. No. | Name of the Borrower / Co-Borrower & Guarantor | Demand Notice Date & Amount | Description of secured assets (immovable property) |
|---|---|---|---|
| 1 | (Loan Code No. 11100000781 / Dhamtari Branch) Ramashray Patel (Borrower) Kamlesh Patel (Co-Borrower) | **11-08-2025 & ₹ 6,87,944/-** | All that piece and parcel of the property bearing, Mouza Makdi Singray Kh No.9 1 PH No.02 Tehsil & District Kanker Chhattisgarh - 494334. **Boundaries:-** East - House of Santram Pal, West - House of Dhanna Kirana , North - Land of Ramshray, South - 15 Fet Kachcha Road |
| 2 | (Loan Code No. 11110000166 / Dhamtari Branch) Suraj Kumar Patel (Borrower) Vimla Bai (Co-Borrower) | **11-08-2025 & ₹ 7,98,556/-** | All that piece and parcel of the property bearing, Village Sirri Kh No.1707 2 PH No.29 RNM Tehsil Kurud District Dhamtari Chhattisgarh - 493663 **Boundaries:-** East - Kh No 1707/1, West - Kh No 998, North - Kh No 1707/1 & Remaining Land of Seller, South - Kh No 1751 |
| 3 | (Loan Code No. 36410000326 & 36410000329 / Raipur - Sundar Nagar Branch) Sanjay Kumar Chaudhary (Borrower) Kiran Chaudhary (Co-Borrower) | **11-08-2025 & ₹ 22,23,866/- & ₹ 4,23,581/-** | All that piece and parcel of the property bearing, Village Changorabhata Kh No.158/19 PH No. 105 47 RNM Raipur 1 Tehsil & District Raipur Chhattisgarh - 492001 **Boundaries:-** East - Land of Thakur, West - Road, North - Land of Others, South - Land of Kumari Diksha Khare |
| 4 | (Loan Code No. 17810000259 / Mahasamund Branch) Jubed Khan (Borrower) Mehrun Nisha (Co-Borrower) | **11-08-2025 & ₹ 26,38,412/-** | All that piece and parcel of the property bearing, Village Mahasamund Kh No.696/8 PH No.89/42 RNM Mahasamund Tehsil & District Mahasamund Chhattisgarh 493445. **Boundaries:-** East - Plot of Satish Saloman, West - Road, North - House of Dinesh Sahu, South - Road of Nayapara |
| 5 | (Loan Code No. 11110000913 / Dhamtari Branch) Drupat Singh Markam (Borrower) Santoshi Dhruw (Co-Borrower) | **11-08-2025 & ₹ 11,88,846/-** | All that piece and parcel of the property bearing, Village Aroud Kh No.1227 PH No.41 RNM Koliyari Tehsil & District Dhamtari Chhattisgarh - 493773 **Boundaries:-** East - Road, West - House of Dhani Ram, North - Road, South - House of Bholeram |

If the said Borrowers shall fo AHFL as aforesaid, AHFL shall proceed against the above secured assets under Section 13(4) of the Act and the applicable Rules, entirely at the risks of the said Borrowers as to the costs and consequences. The said Borrowers are prohibited under the Act from transferring the aforesaid assets, whether by way of sale, lease or otherwise without the prior written consent of AHFL. Any person who contravenes or abets contravention of the provisions of the said Act or Rules made there under, shall be liable for imprisonment and/or penalty as provided under the Act.

**Place : Chhattisgarh**
**Date : 04-09-2025**

**Sd/- Authorised Officer**
**For : Aadhar Housing Finance Limited**

# स्टारलाइट फाउंडेशन और चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन का संयुक्त आयोजन-तरंग 5.0

## कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण एवं संरक्षण पर हुआ सार्थक संवाद

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

स्टारलाइट फाउंडेशन एवं चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में विगत दिन तरंग 5.0 कार्यक्रम एसएनजीवीबी ऑडिटोरियम भिलाई दुर्ग में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण एवं संरक्षण को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का शुभारंभ पंजीयन, सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। फाउंडेशन की ओर से स्वागत संबोधन एवं ''तरंग 5.0'' की पृष्ठभूमि प्रस्तुत की गई। स्वागत नृत्य से वातावरण उत्साहपूर्ण बना। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा की अध्यक्षता में विशिष्ट वक्ताओं ने अपने संबोधन में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सामाजिक सुधार को लेकर अपने विचार रखे। इस दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों से विशिष्ट अतिथि, समाजसेवी, शिक्षाविद एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। पहली पैनल चर्चा





''जोखिम से लचीलेपन तक- स्वास्थ्य, आजीविका और सामाजिक सुधार के माध्यम से महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा'' विषय पर हुई, जिसमें राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेश्वर पटेल, पद्मफूलबासन बाई यादव, महिला एवं बाल विकास विभाग मिशन वात्सलय के संयुक्त संचालक नंदलाल चौधरी, जिला पंचयात सभापति श्रद्धा साहू एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मानसी गुलाटी ने विचार साझा किए। इसी क्रम में बच्चों को किट वितरण भी किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत ''विकसित छत्तीसगढ़'' विषय पर नाट्य प्रस्तुति हुई, जिसने उपस्थित जनों को गहराई से प्रभावित किया। तत्पश्चात एनजीओ अवॉर्ड समारोह में विभिन्न श्रेणियों के तहत सक्रिय सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया। यूनिसेफ द्वारा ''एनजीओ अधिक सामाजिक प्रभाव के लिए वित्तपोषण संसाधनों को कैसे सुव्यवस्थित कर सकते हैं'' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। दूसरी पैनल चर्चा ''सीएसआर फॉर सोशल गुड'' पर केंद्रित रही, जिसमें आईआईटी भिलाई के बोर्ड ऑफ़ डायरेक्ट प्रो. सोमेश शर्मा, अलायंस फॉर बिहेवियर चेंज के प्रमुख मनीष कश्यप और बचपन बचाओ आंदोलन के राज्य समन्वयक विपिन ठाकुर शामिल हुए। स्टारलाइट्स विज़न 2030 की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई, जिसमें संस्था ने आने वाले वर्षों के लिए समाजहित में अपनी योजनाओं और लक्ष्य का उल्लेख किया। इस अवसर पर पद्म फूलबसन बाई यादव और नंदलाल चौधरी के विशेष संबोधन ने प्रतिभागियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में लास्या डांस क्लब, बीआईटी दुर्ग द्वारा लोकनृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसने कार्यक्रम को सांस्कृतिक विविधता और रंगारंगता प्रदान की। इसके अलावा डॉ. अनुपम कुमार तिवारी ने उपयुक्त ग्रामीण तकनीक विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। पूरे कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि संगठित प्रयासों और सकारात्मक दृष्टिकोण से ही महिलाओं और बच्चों के जीवन में स्थायी बदलाव संभव है। ''तरंग 5.0'' के माध्यम से स्टारलाइट फाउंडेशन ने सामाजिक चेतना और सहभागिता की नई लहर पैदा की। कार्यक्रम को सफल बनाने मे संस्था के अध्यक्ष प्रतीक ठाकरे, आदित्य साकार, खुशी वर्मा, नितिन यादव एवं प्रणव यादव का योगदान रहा।

# तीन जिलों के नक्सल पीड़ित परिवारों को घर, आर्थिक मदद न ही मिली सरकारी नौकरी

## राजनांदगांव, मानपुर और खैरागढ़ से परिवार के लोग आईजी से मिलने पहुंचे

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



आत्मसर्पित और नक्सल पीड़ित परिवार राजनांदगांव रेंज आईजी अभिषेक शांडिल्य से मिलने पहुंचे। परिवार के सदस्यों ने बताया कि वे आर्थिक समस्या से जूझ रहे हैं, उन्हें अब तक राज्य सरकार की पूर्नवास नीति का लाभ नहीं मिला है। उसकी मांग को लेकर ही वे गुहार लगाने आए है। बताया गया कि कई बार मांग करने के बाद भी कई परिवारों को आर्थिक मदद, सरकारी नौकरी और आवास नहीं मिल पाया है। सरकार की नीति के तहत मिलने वाले लाभ के बारे में नक्सल पीड़ित परिवारों ने बताया कि उन्हें सरकारी नौकरी नहीं तो 15 लाख रुपए मिलने चाहिए। इसके अलावा 5 लाख रुपए भी आर्थिक मदद भी मिलनी थी, जो अब तक नहीं मिल पाई है। इसके अलावा सरकारी नौकरी, छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएं अब तक पेडिंग है। इस कारण नक्सल पीड़ित परिवारों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि पूर्व में गृहमंत्री विजय शर्मा से भी मुलाकात कर उन्होंने अपनी मांग रखी थी, उसी क्रम में वे पुलिस विभाग के आला अधिकारियों के समक्ष आए हैं। ताकि उनकी मांगां पर ध्यान दिया जाए और नीति के तहत मिलने वाला लाभ परिवारों तक पहुंचे। इस दौरान राजनांदगांव, मोहला-मानपुर और खैरागढ़ जिले के नक्सल पीड़ित परिवार के खुशाला चक्रवर्ती, रेखा पटौदी, सुशीला कोर्राम, कलेश्वरी, चंपा बाई, मन्नो बाई, अर्मिला यादव व अन्य मौजूद रही।

### मकान जरूरी, आर्थिक समस्या

नक्सल पीड़ित परिवारों ने बताया कि मकान नहीं होने के कारण उन्हें काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उनकी मांग है कि शहरी या ग्रामीण क्षेत्र में उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान मिल जाए तो बेहतर होगा। इसके अलावा परिवार में आर्थिक तंगी है, इसके चलते उस दिशा में भी राज्य सरकार से मदद की उम्मीद है। ताकि उन्हें भविष्य में उनके परिवार को लेकर चिंता न हो।

# डॉ. आम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने पर समाज ने रमन सिंह का जताया आभार

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छग विधानसभा के नवनिर्मित परिसर में 25 फीट ऊंची भारतरत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का अनुसुचित जाति, जन जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग समाज में आभार व्यक्त किया है। बौद्ध समाज के वरिष्ठ एवं भाजपा कार्यकर्ता विनोद श्रीरंगे ने कहा पूर्व में समाज के द्वारा डॉ. रमन सिंह को अवगत कराया गया था । विधानसभा परिसर में डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने समाज द्वारा अनुरोध किया गया था। श्रीरंगे ने बताया समाज के इस मांग को संज्ञान में लिया और उसे सार्थक रूप से प्रतिमा स्थापित करने में अपना भरपूर प्रयास किया। यह निर्णय संविधान



निर्माता के प्रति हमारी कृतज्ञता प्रतीत होता है। साथ ही साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का आधार स्तंभ बनेगा। उन्होंने ने कहा यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि छ.ग. की नवीन विधानसभा परिसर में भारतरत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर को स्थान दिया गया। इसे विशेष रूप से पूरे प्रदेश के अनुसुचित जाति, अनुसुचित जन जाति समाज को सम्मान प्राप्त हुआ है। इस संवेदशील पहल से छग विधानसभा की गरिमा और बढ़ेगी। यह प्रतिमा हमें निरंतर सामाजिक न्याय, सामानता और लोकतांत्रिक मूल्यों की याद दिलाती रहेगी।

# प्लाटिंग स्थल पहुंचने बनाये गये मार्ग में गड्ढा खोदकर किया गया अवरूद्ध

## अवैध प्लाटिंग पर बड़ी प्रशासनिक कार्यवाही





पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार आज राजस्व और नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अधिकारियों के द्वारा अवैध प्लाटिंग को रोकने बड़ी प्रशासनिक कार्यवाही की गई। अधिकारियों ने प्लाटिंग स्थल पहुंचने बनाये गये मार्ग को जेसीबी से गड्ढा खोदकर अवरूद्ध किया गया है। कार्यवाही के संबंध में स्थल पर पंचनामा भी तैयार की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खेदामारा पटवारी हल्का नंबर 11 राजस्व निरीक्षक मंडल जेवरा-सिरसा तहसील व जिला दुर्ग अंतर्गत भूमि स्वामी रानी सती डेवलपर्स पार्टनर विशाल केजरीवाल आ. सुरेश द्वारा खसरा नंबर 61/1, 61/2, 61/3, 64/1, 67/1, 81/1, 86/1, 86/2, 66/1, 66/2 एवं 68/1 अंतर्गत 3.22 हेक्टेयर रकबा पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर बने रोड रास्ता को अवरूद्ध कर हटाया गया। यहां पर नाली बनाकर प्लाटिंग स्थल पहुचंने का रास्ता को बाधित किया गया है। कार्यवाही के दौरान अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर डिलेश्वर साहू, संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश सूर्यभान सिंह ठाकुर और नगर निवेश के अधिकारी अनुप कुमार गढ़े व सजल शर्मा, हल्का पटवारी राजेश देशमुख तथा सूरज जांगड़े, महेश देवांगन और अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में दुर्ग जिला बना छत्तीसगढ़ में नंबर वन



पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत दुर्ग जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे छत्तीसगढ़ में पहला स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ बजरंग कुमार दुबे की सतत निगरानी और टीम भावना के चलते जिले ने आवास निर्माण में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2024-25 तक दुर्ग जिले को कुल 41,666 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसमें से 92.6 प्रतिशत आवासों को स्वीकृति दी जा चुकी है। 95.9 प्रतिशत हितग्राहियों को द्वितीय किस्त जारी की जा चुकी है, वहीं 70.6 प्रतिशत आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत 90 दिनों का रोजगार 86.2 प्रतिशत हितग्राहियों को प्रदान किया गया है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे की कार्ययोजना, फील्ड विजिट और तकनीकी निगरानी की अहम भूमिका रही। प्रशासन ने मिशन मोड में काम करते हुए सभी जनपद और ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों को प्रतिदिन निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये। इन निरीक्षणों की रोजाना वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले को 12,788 नए आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु ग्राम पंचायतों में सचिव, रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। साथ ही 'आवास मित्रों' की नियुक्ति कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया, जिससे लाभार्थियों को आवास निर्माण के हर चरण में मदद मिल सके। राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षित किया गया ताकि निर्माण कार्य में कोई विलंब न हो। स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को समन्वयक बनाकर निर्माण कार्य में सहभागी बनाया गया। निर्माण सामग्री जैसे लेबर, सेंटरिंग प्लेट, जल आपूर्ति आदि की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान किया गया। बड़े निर्माण कार्य वाले गांवों में सामग्री का केंद्रीकृत भंडारण कर लाभार्थियों को आसानी से उपलब्ध कराया गया। दुर्ग जिले की यह कार्यप्रणाली अब पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए एक मॉडल के रूप में उभर कर सामने आ रही है। प्रशासन की तत्परता, फील्ड लेवल पर मजबूत निगरानी और संसाधनों के कुशल प्रबंधन के चलते यह योजना जमीन पर प्रभावी ढंग से स्त्रि5यान्वित हो रही है। सीईओ बजरंग दुबे ने कहा कि 'यह सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। प्रत्येक स्तर पर प्रगति के अनुसार किस्तों की राशि प्रतिदिन हस्तांतरित की गई। सभी जनपद पंचायतों में समीक्षा बैठकें आयोजित कर कार्य की निगरानी की गई, जिससे लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित हो सकी।

### नक्सल पीडित परिवार को मदद की दरकार, नीति को नहीं मिला लाभ, आईजी से गुहार लगाने पहुंचे

**राजनांदगांव।** मोहला-मानपुर और खैरागढ़ जिले के नक्सल पीड़ित परिवारों को अब तक राज्य सरकार की पूर्नवास नीति का लाभ नहीं मिल पाया है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि सरकारी नौकरी नहीं मिल पाई, आवास और छात्रवृत्ति जैसे मामले अटके हुए हैं। इस कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में गृहमंत्री से मुलाकात कर चुके हैं, अब वे आईजी राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य के पास अपनी मांग लेकर पहुंचे।

### माता बहादुर कलारिन सम्मान पुरस्कार हेतु आवेदन 26 सितम्बर तक आमंत्रित

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली महिला को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से माता बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष 2025 प्रदान किया जाता है। पुरस्कार के रूप में एक महिला को दो लाख रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जाता है। उक्त पुरस्कार हेतु आवेदन 26 सितम्बर 2025 तक आमंत्रित किया गया है।

# खैरागढ़ में पटवारी रिश्वत लेते पकड़ाया राजनांदगांव में भी पटवारियों का रेट फिक्स

## जमीन मालिक ने एसीबी से की शिकायत, पटवारी पर कार्रवाई

- संस्कारधानी में भी ऋण पुस्तिका, चौहद्दी का रेट फिक्स, एजेंट सक्रिय

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जमीन संबंधी कामकाज को लेकर पटवारियों की मानमानी किसी से छिपी नहीं है। लेकिन एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने कार्रवाई करते हुए खैरागढ़ जिले पटवारी संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र कांडे को 9 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथों पकड़ा है। किसान की शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई। इधर राजनांदगांव जिले में भी नजर डाले तो यहां भी पटवारी कामकाज के लिए रेट फिक्स कर चुके हैं। आला अधिकारियों के संज्ञान में होने के बाद भी वे चुप्पी साधे बैठे हैं। मिली जानकारी के अनुसार डोकराभांठा के किसान भागचंद कुर्रे को फावती उठाने का काम कराना था। इस पर उसने हल्का नंबर 42 व 43 के



पटवारी धर्मेंद्र कांडे से संपर्क किया। भागचंद ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया गया कि काम के एवज में पटवारी ने उससे 10 हजार रुपए की मांग की। इसके बाद उसने एसीबी के अधिकारियों को इस पूरे प्रकरण की शिकायत की। इसके बाद भागचंद कुर्रे पटवारी कांडे को 9 हजार रुपए देने पहुंचा। इधर पहले से ही एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम प्लांनिंग कर बैठी हुई थी। बताया गया कि जैसे ही पटवारी को रुपए दिए गए, एसीबी की टीम ने पटवारी कांडे को पकड़ लिया। बताया गया कि एसीटी की टीम इस मामले में कार्रवाई कर रही है, वहीं कुछ दस्तावेजों की जांच भी की जा रही है। इसे लेकर कार्यालय में हड़कंप मचा रहा।

### राजनांदगांव में भी पटवारी बेलगाम

कार्रवाई जरूर खैरागढ़ जिले में हुई है, लेकिन राजनांदगांव जिले में भी पटवारियों का पूरा चैनल काम करता है। यहां तो पटवारियों ने अपने लिए एजेंट रख लिया है। वह किसान व जमीन मालिक से सीधे डीलिंग करता है और सभी चीजों का रेट फिक्स है। जैसे ऋण पुस्तिका, चौहद्दी, फावती उठाना का रेट तय है। इसमें पटवारी भी सीधे तौर पर बात कर सौदा करते हैं। रकम देने के बाद ही काम होगा, यह तक शर्त रखी जाती है।

# दुर्ग नगर निगम को 16.97 करोड़ का स्वीकृत प्रोजेक्ट, कचरा प्रबंधन में आएगा बड़ा बदलाव

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

इस बड़ी उपलब्धि के लिए नगर निगम की महापौर अल्का बाघमार ने राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि यह दुर्ग शहर में स्वच्छता के लिए बड़ी सौगात है।बता दे कि शहर के नागरिकों को बेहतर स्वच्छता व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ी पहल की गई है।भारत सरकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की 8वीं बैठक में नगर पालिक निगम दुर्ग की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना को हरी झंडी मिल गई है। इस परियोजना की लागत 1697.69 लाख (रुपये सोलह करोड़ सन्तानबे लाख उनहत्तर हज़ार मात्र) स्वीकृत की गई है। इसमें सूखे और गीले कचरे के बेहतर प्रबंधन के लिए नए संयंत्रों की स्थापना, पुराने संयंत्रों का उन्नयन एवं विकास तथा पाँच वर्षों तक उनका संचालन और संधारण शामिल है।

**छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, धमतरी वनमंडल धमतरी**

**// काष्ठागार धमतरी का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विज्ञापन //**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि धमतरी वनमंडल धमतरी के अन्तर्गत धमतरी काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ, जलाऊ एवं बल्ली का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय/वन काष्ठागार धमतरी से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक - 9 सितम्बर 2025
नीलाम समय - प्रातः 9.00 बजे से

**नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा**

| प्रजाति | नया वनोपज | | अविक्रित वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लट्ठा घ.मी. | बल्ली / खूंटा नग में | लट्ठा घ.मी. | बल्ली / खूंटा नग में | लट्ठा घ.मी. | बल्ली / खूंटा नग में |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| सागौन | 4.724 | 21 | 79.901 | 4897 | 84.625 | 4918 |
| बीजा | 7.173 | - | - | - | 7.173 | - |
| शीशम | - | - | 0.575 | - | 0.575 | - |
| हल्दू/मुण्डी | 0.930 | 7 | 5.225 | - | 6.155 | 7 |
| साजा | 4.763 | - | - | 9 | 4.763 | 9 |
| धावड़ा | 8.355 | - | - | - | 8.355 | - |
| पापड़ा | - | - | 1.860 | - | 1.860 | - |
| नीलगिरी | - | - | 0.361 | - | 0.361 | - |
| अन्य | 44.735 | 1173 | 3.296 | 278 | 48.031 | 1451 |
| **योग-** | **70.680** | **1201** | **91.218** | **5184** | **161.898** | **6385** |

**जलाऊ**

| प्रजाति | केन्द्रीय उपभोक्ता डिपो कुरूद (पुराना) | कुरूद डिपो में पुराना बांस विभिन्न साईज के टुकड़ों (साईज 5.50 मीटर) |
|---|---|---|
| अन्य जलाऊ | 87 चट्टा | 1000 नग |
| **योग :-** | **87 चट्टा** | **1000 नग** |

**टीप:** (1) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य हैं।
(2) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते है।
(4) ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात् प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।
फोन - 07722-238371
फैक्स - 07722-236137

G-252603189/5

**वनमंडलाधिकारी**
**धमतरी वनमंडल धमतरी**

# प्राकृतिक आपदा से मुर्गी पालन केंद्र क्षतिग्रस्त, जनदर्शन पहुंची समूह की महिलाएं

- जनदर्शन में 102 आवेदन प्राप्त हुए, खोरपा निवासी ने मुआवजा राशि प्रदान करने दिया आवेदन, बुजुर्ग ने आवास सहायता की लगाई गुहार

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com





जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 102 आवेदन प्राप्त हुए। धमधा विकासखण्ड के वीर महिला ग्राम संगठन सण्डी (बिहान) की महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान को लेकर आर्थिक सहायता की मांग की। महिलाओं ने बताया कि समूह विगत 2022 से ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मुर्गी पालन का कार्य कर रही है। हाल ही में हुए बारिश व तूफान से उनका मुर्गी पालन केंद्र पूरी तरह नष्ट हो गया, जिससे उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। समूह ने ऋण लेकर यह व्यवसाय शुरू किया था और समय पर भुगतान भी किया गया। केंद्र की मरम्मत और व्यवसाय को पुनः शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता हेतु आवेदन दिया।

### अग्निवीर भर्ती 2025-26 के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा के पूर्व प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2026 के लिये आयोजित ऑनलाईन परीक्षा (सी.ई.ई.) का चयन परिणाम घोषित किया जा चुका है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, दुर्ग के द्वारा जिले के ऑनलाईन परीक्षा (सी.ई.ई.) में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु प्रशिक्षण दिया जाना है जो 01 नवम्बर 2025 से प्रस्तावित है। जिले के अभ्यर्थी जो अग्निवीर भर्ती 2026 के लिये आयोजित ऑनलाईन परीक्षा (सी.ई.ई.) में उत्तीर्ण हुए हैं एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा के पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग में अपना नाम दर्ज नही करवायें है। वे जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, दुर्ग में उपस्थित होकर अपना नाम दर्ज करवा सकतें है।

**जेआईटीएफ इन्फ्रालॉजिस्टिक्स लिमिटेड**
सीआईएन - L60231CT2008PLC016434
JINDAL
पंजीकृत कार्यालयः ए-11(7), उदया सोसाइटी, सेक्टर-3, टाटीबंध, रायपुर-492099, धरसीवा, छत्तीसगढ़, भारत
वेबसाइटः www.jindalinfralogistics.com, ई-मेलः contactus@jindalinfralogistics.com

**18वीं वार्षिक आम बैठक के लिए सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी की 18वीं वार्षिक आम बैठक मंगलवार, 30 सितंबर 2025 को दोपहर 12.00 बजे होटल ग्रैंड राजपुताना, तेलघानी नाका चौक, स्टेशन रोड, रायपुर-492001, छत्तीसगढ़ में कथित वार्षिक आम बैठक में दी गई सूचना के कार्यों के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना उन सदस्यों को ईमेल द्वारा भेज दी गई है, जिनके पास रिकॉर्ड तिथि, यानी 29 अगस्त 2025 तक शेयर हैं, जिनकी ईमेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत है और अन्य सभी सदस्यों को भौतिक प्रति भेज दी गई है। उक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.jindalinfralogistics.com पर भी देखे जा सकते हैं।

एतद्द्वारा यह भी सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 और सेबी के विनियम 42 (सूचीकरण बाध्यता और प्रकटन आवश्यकताए) विनियम 2015 के अनुपालन में, कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर और शेयर अंतरण बहियां 24 सितंबर 2025 से 30 सितंबर 2025 तक (दोनों दिन शामिल) तक वार्षिक आम बैठक के उद्देश्य से बंद रहेंगे।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और सेबी (सूचीकरण बाध्यता और प्रकटन आवश्यकताएं) 2015 के विनियम 44 के अनुपालन में कंपनी अपने सदस्यों को दूरस्थ ई - वोटिंग की सुविधा प्रदान करती है जिससे वे कंपनी की 18वीं वार्षिक आम बैठक में पारित संकल्पों पर अपने वोट इलेक्टॉनिक विधि से दे सकें।

सदस्य कृपया निम्नलिखित नोट करें :

क. दूरस्थ ई-वोटिंग षनिवार, 27 सितंबर 2025 को सुबह 9.00 बजे आरंभ होगी और सोमवार, 29 सितंबर 2025 को शाम 5.00 बजे समाप्त होगी।
ख. दूरस्थ ई-वोटिंग सोमवार, 29 सितंबर 2025 को शाम 5.00 बजे के बाद उपलब्ध नहीं होगी।
ग. दूरस्थ ई-वोटिंग और मतदान के लिए वोटिंग हेतु सदस्यों की पात्रता के निर्धारण की कट ऑफ तिथि 23 सितंबर 2025 है।
घ. कोई व्यक्ति जो बैठक की सूचना भेजने के बाद कंपनी का सदस्य बनता है और उसके पास कट आफ तिथि 23 सितंबर 2025 को शयेर धारिता है तो वे आरसीएमसी शेयर रजिस्ट्री (प्र.) लि., कंपनी के आर एण्ड टी एजेंट बी-25/1, ओखला इंडस्टियल एरिया, फेज 2, नई दिल्ली-110020, फोन 011-26387320-21, फैक्सः 011-26387322, ई-मेल : evoting.services@rcmcdelhi.com से संपर्क द्वारा अपने यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं।
ड. दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा वोट देने वाले सभी सदस्य वार्षिक आम बैठक में भाग भी ले सकते हैं, किंतु उन्हें वार्षिक आम बैठक में अपना वोट देने की अनुमति नहीं होगी।
च. मतदान के माध्यम से वोटिंग की सुविधा वार्षिक आम बैठक में केवल उन सदस्यों के लिए होगी जिन्हानें दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नही दिया है।
छ. सदस्य वार्षिक आमसभा की सूचना में बताए गए ई-वोटिंग के अनुदेश पढ़ें या https://evoting.nsdl.com देखें और किसी पूछताछ के लिए आप सदस्यों के लिए बार बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) को देख सकते हैं और https://evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में सदस्यों के लिए ई-वोटिंग प्रयोक्ता मैनुअल उपलब्ध है।

जेआईटीएफ इन्फ्रालॉजिस्टिक्स लिमिटेड के लिए
हस्ता/-
आलोक कुमार
कम्पनी सचिव
एसीएस-19819

स्थानः नई दिल्ली
तिथि : 03.09.2025